उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्प्लेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001,

सूचना/विज्ञप्ति

''सेवाकाल में दिवंगत पुलिस कर्मियों के आश्रितों के सेवायोजन के अन्तर्गत उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस), आरक्षी (नागरिक पुलिस), आरक्षी पीएसी, फायरमैन, सहायक परिचालक एवं कर्मशाला कर्मचारी के पद पर सेवायोजन प्रदान किये जाने हेतु चयन प्रकिया के अन्तर्गत दिनॉकः 07 व 08 नवम्बर, 2023 को आयोजित होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षण(दौड़)(आर0एफ0आई0डी0 आधारित रेस) हेतु प्रवेश पत्र डाउनलोड किये जाने के सम्बन्ध में''

संख्याः पीआरपीबी–1–मृ0आ0(SICP)/2023(43 पद), दिनांकः अक्टूबर 30,2023

सेवाकाल में दिवंगत पुलिस कर्मियों के आश्रितों के सेवायोजन के अन्तर्गत उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस),आरक्षी(नागरिक पुलिस), आरक्षी पीएसी, फायरमैन, सहायक परिचालक एवं कर्मशाला कर्मचारी के पद पर सेवायोजन प्रदान किये जाने हेतु चयन प्रकिया के अन्तर्गत पुलिस उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस) पद के 394 अभ्यर्थियों की (संलग्न सूची–''क'') दिनांकः 07.11.2023 को एवं आरक्षी नागरिक पुलिस, आरक्षी पीएसी, फायरमैन, कर्मशाला कर्मचारी एवं सहायक परिचालक पद के 225 अभ्यर्थियों तथा 06 घुड़सवार पुलिस के अभ्यर्थियों(संलग्न सूची–''ख''), की दिनांकः 08.11.2023 को शारीरिक दक्षता परीक्षण(दौड़)(आर0एफ0आई0डी0 आधारित रेस) समय प्रातः 06.30 बजे से गुरू गोविन्द सिंह स्पोटर्स कॉलेज, कुर्सी रोड, गुडम्बा, जनपद–लखनऊ के ग्राउण्ड में आयोजित की जायेगी। **अभ्यर्थियों को निर्धारित समय से 01 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना अनिवार्य है।**

2– पुलिस उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस) पद के 394 अभ्यर्थियों की तथा आरक्षी नागरिक पुलिस, आरक्षी पीएसी, फायरमैन, कर्मशाला कर्मचारी एवं सहायक परिचालक पद के 225 अभ्यर्थियों तथा 06 घुड़सवार पुलिस के अभ्यर्थियों के नाम व अन्य विवरण बोर्ड की सूचना/विज्ञप्ति दिनॉकः 20.10.2023 के द्वारा कमशः सूची–''क'' एवं ''ख'' वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जा चुका है।

2– शारीरिक दक्षता परीक्षण(दौड़) के प्रवेश–पत्र बोर्ड की वेबसाइट **http:uppbpb.gov.in/** पर दिनांकः 30.10.2023 से उपलब्ध होंगे, जहॉ से अभ्यर्थी (सूची संलग्न) में अपने नाम के सम्मुख अंकित रोल नम्बर एवं जन्म तिथि अंकित कर उसे डाउनलोड कर प्राप्त कर सकेगे। अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे प्रवेश–पत्र पर अंकित महत्वपूर्ण निर्देशों का भली–भॉति अध्ययन कर इसका अनुपालन सुनिश्चित करते हुए प्रवेश–पत्र के निर्धारित स्थान पर रंगीन फोटोग्राफ चिपकायेंगे तथा सेवायोजन प्रस्तावक जनपद/इकाई के कार्यालयाध्यक्ष के समक्ष उसे प्रस्तुत कर सत्यापित कराकर उक्त प्रवेश–पत्र के साथ परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होंगे।

3– अभ्यर्थीगण को अपने मूल प्रवेश–पत्र को परीक्षा केन्द्र पर जमा करना होगा। अतः अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र की छायाप्रति अपने पास सुरक्षित रखेंगे। अभ्यर्थीगण पहचान हेतु अपना मूल आधार कार्ड लायेंगे तथा उसकी छायाप्रति मूल प्रवेश–पत्र के साथ जमा करेंगे। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी पहचान हेतु पैनकार्ड/निर्वाचन पहचान पत्र भी साथ में लायेंगे। सभी अभ्यर्थियों का बायोमैट्रिक डाटा भी परीक्षा केन्द्र पर लिया जाएगा। निर्देशों का उल्लंघन किये जाने पर अभ्यर्थियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

30.X.2023
अपर सचिव, भर्ती,
उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।